न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।

विविध वाद संख्या 42/2025

ब्रजभूषण बनाम शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि. और अन्य

दिनांकः 19-08-2025

वाद पुकारा गया। आवेदक के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित है। विपक्षीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

पत्रावली में संलग्न रजिस्ट्री रसीद कागज संख्या 10घ/1 के अवलोकन से यह विदित होता है कि विपक्षी संख्या 1 शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि. एवं विपक्षी संख्या 2 जनहित फाउन्डेशन को नोटिस क्रमशः रजिस्टर्ड पोस्ट संख्या RU330663647IN एवं RU330663409IN के माध्यम से दिनांक 05-06-2025 को प्रेषित की गयी है तथा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से विपक्षी संख्या 2 को नोटिस प्रेषित करने के उपरान्त 30 दिन का समय व्यतीत हो चुका है एवं कार्यालय रिपोर्ट के अनुसार "दिनांक 05-06-2025 को प्रतिवादी संख्या 2 की रजिस्ट्री पोस्ट अभी वापस प्राप्त नहीं हुई है" तथा विपक्षी संख्या 1 को प्रेषित नोटिस का लिफाफा कागज संख्या 8घ के रूप में पत्रावली में संलग्न है जिस पर पोस्टमैन द्वारा "Left" की आख्या प्रस्तुत की गयी है।" इस प्रकार विपक्षी संख्या 2 जनहित फाउन्डेशन पर नोटिस की तामील पर्याप्त है। विपक्षी संख्या 1 शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि. को उभयप्रकार से नोटिस जारी हो। इस निमित आवेदक आवश्यक पैरवी करे।

इस न्यायालय द्वारा आदेशिका वाहक के माध्यम से प्रतिवादी संख्या 3 संजय को प्रेषित नोटिस कागज संख्या 9घ पर आदेशिका वाहक द्वारा यह आख्या प्रस्तुत की गई है कि "दिनांक 13-06-2025 को मौका तामील में जाकर संजय पुत्र गोपीचन्द को तलाश किया तो घर पर नहीं मिले। घर पर उनके भाई देवेन्द्र मिले, जिन्होंने जुबानी बताया कि संजय काम पर गया है और देवेन्द्र ने संजय से फोन पर बात करने के बाद संजय के नाम का नोटिस मय नकल प्राप्त कर नोटिस पुस्त पर अपने हस्ताक्षर किये।" इस प्रकार प्रतिवादी संख्या 3 संजय पर नोटिस की तामील पर्याप्त है।

आवेदक द्वारा अपने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 47 सी.पी.सी. में मृतक श्रीमती अतरो देवी को विपक्षी संख्या 4 के रूप में पक्षकार बनाया गया है। आवेदक इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करे। पत्रावली दिनांक 22-09-2025 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND UPADHYAY
Date: 2025.08.19 16:51:22 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court